# निवेशकों के लिए लॉन्च होगा निवेश मित्र 3.0

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

## एक ही पोर्टल पर मिलेंगी सारी मंजूरियां

प्रदेश में निवेशकों को बेहतर और पारदर्शी सेवाएं देने के लिए औद्योगिक विकास विभाग 'निवेश मित्र 3.0' पोर्टल इस महीने के अंत तक लॉन्च करने जा रहा है। इसका उद्देश्य निवेशकों को अलग-अलग विभागों के चक्कर से मुक्त कर सभी केंद्र व राज्य स्तरीय स्वीकृतियां एक ही मंच पर उपलब्ध करवाना है।

नया पोर्टल राष्ट्रीय सिंगल विंडो सिस्टम से एकीकृत होगा, जिससे विभिन्न अनुमतियों के लिए अलग पोर्टल पर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसकी खासियत एआई आधारित स्मार्ट डैशबोर्ड है, जो निवेश प्रस्तावों की लाइव ट्रैकिंग के साथ संभावित अड़चनों की पहले पहचान कर डेटा आधारित समाधान सुझाएगा। पोर्टल को मुख्यमंत्री डैशबोर्ड (दर्पण) और आईजीआरएस से जोड़ा जाएगा, जिससे शिकायतों का रियल-टाइम निस्तारण संभव होगा और विभागवार प्रगति की निगरानी सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय स्तर पर हो सकेगी। अधिकारियों की परफॉर्मेंस और लंबित मामलों की स्थिति भी पारदर्शी रहेगी। निवेशकों के लिए वॉट्सऐप, एसएमएस और ईमेल के जरिए मल्टी-चैनल संवाद की सुविधा होगी। आवेदन से स्वीकृति तक की हर सूचना मोबाइल पर मिलेगी। विशेषज्ञ इसे भ्रष्टाचार मुक्त और समयबद्ध उद्योग स्थापना की दिशा में बड़ा कदम मान रहे हैं।